दिल्ली विकास प्राधिकरण
प्रशिक्षण विभाग
सी–1/316, तृतीय तल, विकास सदन,
आई.एन.ए., नई दिल्ली–110023
दूरभाष नं0– 2466–1545 और 1505

मिसिल सं. एफ 1(15)2020–21/प्रशि./डी.डी.ए./203 दिनाँकः 21/12/2021

परिपत्र

विषयः– हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की ऑनलाइन दीर्घकालिक कक्षाओं का गठन – फरवरी 2022 के लिए नामाकंन मगवाने हेतु।

हिंदी शिक्षण योजना , राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया गया पत्र संख्या 13/1/2020/उ.नि. (टं./आ.)/1257–1356 दिनांक 23.11.2021 के अनुसार, सूचित किया जाता है कि हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्रों पर हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का दीर्घकालिक प्रशिक्षण आगामी सत्र फरवरी 2022 से प्रारंभ होगा जिसमें :–

- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण आनॅलाइन संचालित किया जायेगा।
- आनॅलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिये जायेगे तथा उनकी पात्रता के अनुसार उन्हें नियमानुसार सभी वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि वैयक्तिक वेतन, नकद पुरस्कार एव एकमुश्त पुरस्कार आदि देय होंगे।

प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी

पाठ्यक्रम का नाम	हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण (आनॅलाइन)।
अवधि	फरवरी 2022 से जुलाई 2022, प्रतिदिन 1 घंटा, (अवधि 06 माह)।
परीक्षा	जुलाई, 2022 के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में।
हिंदी में योग्यता	हिंदी के साथ मैट्रिक या उसे समकक्ष अन्य कोई परीक्षा जैसे हिंदी शिक्षण योजना की प्रवीण आदि।
पात्रता	केवल उन्ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा जिन्होंने अभी तक हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

वित्तीय प्रोत्साहन

- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षा पास करने पर, केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को निर्धारित शर्ते पूरी करने पर 12 महीने की अवधि के लिए एक वेतनवृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन प्रदान किया जाता है।
- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षा पास करने और निर्धारित शर्ते पूरी करने पर अधोलिखित तालिका के अनुसार पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जिनका भुगतान **दिल्ली विकास प्राधिकरण** द्वारा ही किया जाता है।

97 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर	रूपए 2400/–
95 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 97 प्रतिशत से कम अंक प्रापत करने पर	रूपए 1600/–
90 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त अंक प्राप्त करने पर	रूपए 800/–

अतः सभी इच्छूक कनिष्ठ सचिवालय सहायक/ निम्न श्रेणी लिपिक (जे0एस0ए0/एल0डी0सी0) अपना नामंकन (Nomination) (नाम, पदनाम, मोबाईल न0 ,ई.मेल आई.डी., तैनाती स्थान और हिंदी में योग्यता) **विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्रशिक्षण विभाग में दिनांक 17 जनवरी 2022 को सायं 04 बजे तक भेजे।** कोई भी नामांकन अंतिम तिथी के बाद स्वीकृत नही किया जायेगा।

यह संक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

सत्य नारायण

(सत्य नारायण)
उप निदेशक (प्रशिक्षण विभाग)

सभी विभागाध्यक्ष/All HOD's

सूचना पटों और लिफट के पास

सूचनार्थ

1. आयुक्त (कार्मिक एवम् प्रशि0)
2. निदेशक (प्रशि0)
3. निदेशक (कार्मिक)–2
4. उप निदेशक (प्रणाली/सिस्टम)–2: कृप्या इस परिपत्र को डी0डी0ए0 की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृप्या करे।
5. उप निदेशक (हिंदी विभाग)
6. एस0 ई0 (प्रशि0)
7. सहायक निदेशक (PIMS)
8. गार्ड फाइल

उप निदेशक (प्रशिक्षण विभाग)